Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to extend North East Express train upto Jaipur via Jhunjhunu and Sikar.

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू) : महोदय, गाड़ी संख्या 12505/06 कामाख्या-आनंद विहार टर्मिनल नार्थ-ईस्ट एक्सप्रेस के विस्तार से राजस्थान के झुन्झुनू, सीकर, जयपुर के प्रवासी सीधे पूर्वोत्तर से जुड़ सकेंगे। चूंकि वर्तमान में सीकर झुन्झुनू से पूर्वोत्तर हेतु कोई सीधी/कनेक्टिंग रेल सेवा नहीं होने से सम्पूर्ण यात्रियों को बस द्वारा दिल्ली/जयपुर/आगरा जैसे शहरों तक यात्रा कर पूर्वोत्तर हेतु नार्थ-ईस्ट/ब्रह्मपुत्र मेल में यात्रा करनी पड़ती है, जो काफी कष्टदायी तथा असुविधाजनक रहती है। बुजुर्ग, महिलाएं तथा सीमा के प्रहरी सैनिकों को भी इस कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जैसा कि विदित है कि झुन्झुनू से सेना में अनेक सैनिक अपनी सेवाएं देश के हर कोने में दे रहे हैं। ऐसे में उनकी यात्रा में भी इस प्रकार सीधी रेल न होने से व्यवधान रहता है। चूंकि 12505/06 रेल का प्राथमिक अनुरक्षण कामाख्या में होता है तथा आनंद विहार टर्मिनल पर ये रेल करीब 10 घंटे यार्ड में स्थान घेरती है। इस रेल का 1 रैक बढ़ाकर आसानी से झुन्झुनू-सीकर के रास्ते जयपुर भेजा जाए।

HON CHAIRPERSON : Shri Ravi Kishan – not present